खाड़ी में तनाव • ईरान पर छठी रात एयरस्ट्राइक, 38 की मौत, 400 घायल

अमेरिकी हमले में ढहा चाबहार पोर्ट का टावर; ईरान का कतर-कुवैत पर निशाना

भास्कर न्यूज़ | तेहरान/वॉशिंगटन/दुबई

अमेरिका ने ईरान पर अपने हवाई हमले और तेज कर दिए हैं। लगातार छठी रात जारी अमेरिकी हमलों में शुक्रवार को ईरान के होर्मोजगान प्रांत के पुलों, बिजली ढांचे और चाबहार बंदरगाह का एक संचिवाल टावर ध्वस्त कर दिया गया। वहीं, ईरान ने जवाबी कार्रवाई में कतर, कुवैत, बहरीन और इराक के कुछ इलाकों पर मिसाइल हमले किए। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अमेरिकी हमलों में शुक्रवार सुबह तक 38 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 400 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

- ईरान के ऊर्जा मंत्रालय ने पहली बार माना कि अमेरिकी हमलों में बिजली ढांचे को नुकसान पहुंचा है। सरकार ने दक्षिणी प्रांतों के लोगों से बिजली बचाने की अपील की है।
- इस बीच, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका जंग में बड़ी बढ़त हासिल कर रहा है। इसके नतीजे जल्द दिखेंगे। विश्लेषकों के अनुसार, होर्मुज पर ईरान की पकड़ कमजोर करने के लिए अमेरिका उसके बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहा है।

अब नागरिक ठिकाने भी आए निशाने पर

चाबहार में भारत का निवेश: अमेरिकी हमले में ओमान की खाड़ी स्थित चाबहार पोर्ट का टावर ढह गया। ईरानी मीडिया के अनुसार यह व्यावसायिक यातायात की निगरानी करता था। बता दें कि चाबहार को भारत के सहयोग से रणनीतिक बंदरगाह के रूप में विकसित किया गया है।

बंदरगाह का संपर्क तोड़ने की रणनीति: अमेरिका ने ईरान के सबसे बड़े बंदरगाह बंदर अब्बास को मध्य ईरान और तेहरान से जोड़ने वाले प्रमुख सड़क और रेल मार्गों को निशाना बनाया। इसके लिए होर्मोजगान प्रांत के बंदर खमीर क्षेत्र के पुलों पर हमले किए गए।

ईरान का मध्यस्थ देशों, जल संयंत्रों पर निशाना

ईरान ने जवाबी हमलों में युद्धविराम की कोशिशों में जुटे प्रमुख मध्यस्थ देश कतर को निशाना बनाया।

- ईरान ने कुवैत के बिजली और समुद्री जल को पीने योग्य बनाने वाले संयंत्र पर हमला किया। कुवैत के लगभग 90% पीने के पानी की आपूर्ति इसी व्यवस्था पर निर्भर है।
- उत्तरी इराक के कुर्द क्षेत्र में भी हमले हुए। ईरानी कुर्द विद्रोही संगठन कोमाला को निशाना बनाया गया, जिसमें कम से कम नौ की मौत हुई।
- होर्मुज से गुजर रहे एक टैंकर पर हमला हुआ। इसमें जहाज को मामूली नुकसान पहुंचा।

भास्कर इनसाइट जंग का दायरा बढ़ा, अब असर पूरी खाड़ी पर

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका ईरान के बुनियादी ढांचे पर हमले कर रहा है। जवाब में ईरान अमेरिकी सहयोगी देशों को निशाना बनाकर संघर्ष का दायरा बढ़ा रहा है। यदि यह सिलसिला जारी रहा, तो खाड़ी क्षेत्र में तेल आपूर्ति, समुद्री व्यापार और वैश्विक ऊर्जा बाजार पर बड़ा असर पड़ सकता है, साथ ही युद्ध में और देशों के संघे शामिल होने का खतरा भी बढ़ेगा। होर्मुज में तनाव से तेल आपूर्ति और शिपिंग लागत पर दबाव बढ़ने लगा है।

एनजीटी ने मॉडर्न रोड मेकर्स मामले का किया निस्तारण

ब्यूरो | नई दिल्ली, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी), पश्चिमी क्षेत्र पीठ, पुणे ने एम/एस मॉडर्न रोड मेकर्स प्रा लि मामले का निस्तारण करते हुए कहा कि पर्यावरण प्राधिकर्ता ने अपनी गतिविधिया पहले ही बंद कर दी हैं तथा प्रतिपूरक वृक्षारोपण की स्थिति संतोषजनक पाई गई है। मामले की सुनवाई में अधिकरण ने दर्ज किया कि आवेदकों द्वारा रेडी-मिक्स एवं हॉट-मिक्स संयंत्रों को बंद कराने तथा पर्यावरणीय मानकों के अनुपालन के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी। चूंकि संयंत्र पहले ही बंद हो चुके हैं, इसलिए इस संबंध में कोई अतिरिक्त आदेश आवश्यक नहीं है।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India

अचल संपत्तियों का विक्रय नोटिस ई-नीलामी दिनांक- 19/08/2026

क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा - विवेकानंद कालोनी, साईं मंदिर के पास, नागपुर रोड, छिंदवाड़ा 480001 (म.प्र.)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परांतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता को यह सूचना दिया जाता है कि नीचे वर्णित प्रचल संपत्ति की प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रकाशित कब्जा (नीचे वर्णित) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहां है जैसा है और जो कुछ भी है, बिना प्रकार है, एवं वापिस दिया"** के आधार पर निम्नलिखित दैनदारों, हामीदारों-दाता तथा जमानतदारों से प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा बेचे जाने हेतु प्रतिभूत विवरण निम्नानुसार है :

क्र.	ऋण खाता/ऋणी/ प्रस्तावित-दाता/ जमानतदार एवं संबंधित शाखा	मांग सूचना दिनांक आधिपत्य दिनांक बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार)	सामान्यतया प्रचल संपत्तियों का विवरण/ कब्जे का प्रकार	आरक्षित मूल्य / ईएमडी जमा राशि / बिड वृद्धि राशि
1	श्री उत्तम साहू पिता श्री दुर्वेलाल साहू (प्राधिकर्ता/संपत्ति बंधककर्ता) पता - वार्ड नं. 7, बसंत कॉलनी, नरसिंगपुर रोड, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) संबंधित शाखा- छिंदवाड़ा अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - शा. प्र 8226003772	11/08/2025 10/11/2025 रु. 2,09,56,977.00 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय	सामान्य बंधक भूमि - श्री उत्तम साहू पिता श्री दुर्वेलाल के नाम से संपत्ति, वी.न.516, पी.एच.न. 23, समस क्रमांक 319/1 (रूपरिवर्तन के बाद 319/3), क्षेत्रफल 0.202 हेक्टेयर, महाराणी लक्ष्मीबाई वार्ड वार्ड 9, मौजा - लहरगुंभा, तहसील एवं जिला छिंदवाड़ा, (म.प्र.) संपत्ति का स्वामी - श्री उत्तम साहू पिता श्री दुर्वेलाल साहू (संपत्ति बंधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :उत्तर - सरकारी जमीन और उत्तम साहू की भूमि, दक्षिण -पन्नु की भूमि, पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - सतीष की भूमि सांकेतिक कब्जा	₹ 18,00,000.00 ₹ 1,80,000.00 ₹ 20,000/-
2	श्रीमती प्रेमलता साहू पति श्री उत्तम साहू (प्राधिकर्ता/संपत्ति बंधककर्ता) पता - वार्ड नं. 7, बसंत कॉलनी, नरसिंगपुर रोड, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) 2. श्री उत्तम साहू पिता श्री दुर्वेलाल साहू (गारन्टीदाता/संपत्ति बंधककर्ता) पता - वार्ड नं. 7, बसंत कॉलनी, नरसिंगपुर रोड, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) संबंधित शाखा- छिंदवाड़ा अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - शा. प्र. 8226003772	11/08/2025 10/11/2025 रु. 3,08,78,185.00 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय	सपत्ति क्रमाक 1 - सामान्य बंधक भूमि श्री उत्तम साहू पिता श्री दुर्वेलाल साहू एवं श्रीमती प्रेमलता साहू पति श्री उत्तम साहू के नाम से आवासीय भूमि, समस क्रमांक 2141/2,2144/2,2141/1 एवं 2144/1 (रूपरिवर्तन के बाद 2141/48 एवं 2144/47) बी.न.177, पी.एच.न. 22/19 , क्षेत्रफल 2400 वर्गफीट, रा.नि.म. छिंदवाड़ा 1 , तहसील एवं जिला छिंदवाड़ा, (म.प्र.) संपत्ति का स्वामी - श्री उत्तम साहू पिता श्री दुर्वेलाल साहू एवं श्रीमती प्रेमलता साहू पति श्री उत्तम साहू (संपत्ति बंधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :उत्तर - गुप्ता जी का मकान, दक्षिण - रास्ता, पूर्व - रास्ता, पश्चिम - विक्रेता की शेष भूमि सांकेतिक कब्जा	₹ 1,06,05,000/- ₹ 10,60,500/- ₹ 1,00,000/-
3.	1. श्री उत्तम साहू पिता श्री दुर्वेलाल साहू (प्राधिकर्ता/संपत्ति बंधककर्ता) पता - वार्ड नं. 7, बसंत कॉलनी, नरसिंगपुर रोड, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) 2. श्रीमती प्रेमलता साहू पति श्री उत्तम साहू (प्राधिकर्ता/संपत्ति बंधककर्ता) पता - - वार्ड नं. 7, बसंत कॉलनी, नरसिंगपुर रोड, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) संबंधित शाखा- छिंदवाड़ा अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - शा. प्र. 8226003772	11/08/2025 10/11/2025 रु. 1,80,41,555.00 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय	सात्विक बंधक भूमि श्री उत्तम साहू पिता श्री दुर्वेलाल साहू एवं श्रीमती प्रेमलता साहू पति श्री उत्तम साहू के नाम से आवासीय परिवर्तित भूमि, समस क्रमाक 2141/2, 2144/2, 2141/1 एवं 2144/1 (रूपरिवर्तन के बाद 2141/48 एवं 2144/47) ब.न.177, प. ह.न. 22/19 , क्षेत्रफल 2400 वर्गफीट, ग्राम - छिंदवाड़ा, सर्किल छिंदवाड़ा - I, तहसील एवं जिला छिंदवाड़ा, (म.प्र.). संपत्ति का स्वामी - श्री उत्तम साहू पिता दुर्वे लाल साहू एवं श्रीमती प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू (संपत्ति बंधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :उत्तर - गुप्ता जी का मकान, दक्षिण - सीमेंट रोड, पूर्व - सीमेंट रोड, पश्चिम - विक्रेता की शेष भूमि सांकेतिक कब्जा	₹ 1,06,05,000/- ₹ 10,60,500/- ₹ 1,00,000/-
4.	1. मेसर्स. बालाजी अग्रो इंडस्ट्रीज (प्राधाकर्ता / सपत्ति धधककर्ता) पता - हिंदुस्तान लीवर के पास में, नरसिंगपुर रोड, कुसमेली, छिंदवाड़ा 480000 (म.प्र.) साझेदार- i. श्रीमती प्रेमलता साहू पति श्री उत्तम साहू ii. श्री उत्तम साहू पिता श्री दुर्वेलाल साहू पता - वार्ड नं. 7, बसंत कॉलनी, नरसिंगपुर रोड, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) गारन्टीदाता / संपत्ति धधककर्ता 1. श्री उत्तम साहू पिता श्री दुर्वेलाल साहू 2. श्रीमती प्रेमलता साहू पति श्री उत्तम साहू पता - वार्ड नं. 7, बसंत कॉलनी, नरसिंगपुर रोड, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) 3. श्रीमति लीलाबाई साहू पति श्री कस्तूरचंद साहू पता - पटेल कॉलनी, पोला मैदान, पटेल भवन के पास, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) संबंधित शाखा- छिंदवाड़ा अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - शा. प्र. 8226003772	11/08/2025 10/11/2025 रु. 8,80,54,918.75 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय	सपत्ति क्रमाक 1:- सात्विक धधक भूमि :- श्रीमति प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू के नाम से औपनिक रुप से परिवर्तित भूमि, ब.न. 69, प.ह.न. 4.23, समस क्रमाक 89/5 क्षेत्रफल 0.405 हेक्टेयर, ग्राम :- कुसमेली, सर्कल छिन्दवाड़ा - I, तहसील एवं जिला छिंदवाड़ा, (म.प्र.). सपत्ति का स्वामी :- श्रीमति प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू (सपत्ति धधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :-उत्तर - घनश्याम दास की भूमि, दक्षिण - बरसाती नाला, पूर्व -हिंदुस्तान लीवर एवं नाला, पश्चिम -छिंदवाडा नरसिंगपुर मुख्य मार्ग	₹. 4,58,56,750/- ₹. 45,85,675/- ₹. 2,00,000/-
			सपत्ति क्रमाक 2:- सात्विक धधक भूमि - श्रीमति प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू के नाम से आवासीय खुली भूमि , ब.न 177, प ह.न 22, सर्कल छिन्दवाड़ा -I, समस नंबर 2520/3, क्षेत्रफल : 3218.50 वर्ग फीट, वार्ड क्रमाक - 6, नेताजी सुभाष चन्द्र वार्ड, सिवनी प्राणभोलीरोड, तहसील एवं जिला छिन्दवाडा, (म.प्र.) सपत्ति का स्वामी :- श्रीमति प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू (सपत्ति धधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :-उत्तर - शासकीय भूमि और कच्चा रास्ता, दक्षिण - श्रीमति भगवती बाई, संतोष एवं रज्जू की भूमि, पूर्व - शासकीय भूमि एव श्रीमती भगवती बाई की भूमि के मध्य की भूमि, पश्चिम - विक्रेता की शेष भूमि	₹. 98,44,250/- ₹. 9,84,425/- ₹. 50,000/-
			सपत्ति क्रमाक 3:- सात्विक धधक भूमि - श्रीमति प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू के नाम से आवासीय खुली भूमि , ब.न 177, प ह.न 22, सर्कल छिन्दवाड़ा -I, समस नंबर 2521/2, क्षेत्रफल 2420 वर्गफीट , वार्ड नंबर 6, नेताजी सुभाष चंद्र वार्ड, सिवनी प्राणभोलीरोड, छिन्दवाड़ा, तहसील एवं जिला छिंदवाड़ा, (म.प्र.). सपत्ति का स्वामी :- श्रीमति लीला बाई साहू पति कस्तूर चंद साहू (संपत्ति बंधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :-उत्तर - सिवनी प्राणभोलीरोड, दक्षिण - श्री निर्मलचंद को विक्रय की गई भूमि, पूर्व - विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम - डॉ भोजक का मकान सांकेतिक कब्जा	₹. 68,50,000/- ₹. 6,85,000/- ₹. 50,000/-
5.	मेसर्स. बालाजी इंडस्ट्रीज (प्रोप. श्रीमति प्रेमलता साहू पति- उत्तम साहू) (प्राधाकर्ता / संपत्ति बंधककर्ता) पता - हिंदुस्तान लीवर के पास में, नरसिंगपुर रोड, कुसमेली,, छिंदवाड़ा 480001 (म.प्र.) श्रीमती प्रेमलता साहू पति श्री उत्तम साहू (प्रोप. मेसर्स बालाजी इंडस्ट्रीज) पता - वार्ड नं. 7, बसंत कॉलनी, नरसिंगपुर रोड, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) गारन्टीदाता / संपत्ति बंधककर्ता 1. श्री उत्तम साहू पिता श्री दुर्वेलाल साहू पता - वार्ड नं. 7, बसंत कॉलनी, नरसिंगपुर रोड, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) 2. श्रीमति लीलाबाई साहू पति श्री कस्तूरचंद साहू पता - पटेल कॉलनी, पोला मैदान, पटेल भवन के पास, छिंदवाड़ा - 480001 (म.प्र.) संबंधित शाखा- छिंदवाड़ा अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - शा. प्र. 8226003772	11/08/2025 10/11/2025 रु. 21,08,30,884.00 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय	सपत्ति क्रमाक 1:- सात्विक धधक भूमि - श्रीमति प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू के नाम से औपनिक रुप से परिवर्तित भूमि, ब.न. 69, प.ह.न. 4.23, समस क्रमाक 89/5 क्षेत्रफल 0.405 हेक्टेयर, ग्राम :- कुसमेली, सर्कल छिन्दवाड़ा - I, तहसील एवं जिला छिंदवाड़ा, (म.प्र.). संपत्ति का स्वामी :- श्रीमति प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू (सपत्ति धधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :-उत्तर - घनश्याम दास की भूमि, दक्षिण - बरसाती नाला, पूर्व -हिंदुस्तान लीवर एवं नाला, पश्चिम -छिंदवाडा नरसिंगपुर मुख्य मार्ग	₹. 4,58,56,750/- ₹. 45,85,675/- ₹. 2,00,000/-
			सपत्ति क्रमाक 2:- सात्विक धधक भूमि - श्रीमति प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू के नाम से आवासीय खुली भूमि , ब.न 177, प ह.न 22, सर्कल छिन्दवाड़ा -I, समस नंबर 2520/3, क्षेत्रफल : 3218.50 वर्ग फीट, वार्ड क्रमाक - 6, नेताजी सुभाष चन्द्र वार्ड, सिवनी प्राणभोलीरोड, तहसील एवं जिला छिन्दवाडा, (म.प्र.) सपत्ति का स्वामी :- श्रीमति प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू (सपत्ति धधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :-उत्तर - शासकीय भूमि और कच्चा रास्ता, दक्षिण - श्रीमति भगवती बाई, संतोष एवं रज्जू की भूमि, पूर्व - शासकीय भूमि एव श्रीमती भगवती बाई की भूमि के मध्य की भूमि, पश्चिम - विक्रेता की शेष भूमि	₹. 98,44,250/- ₹. 9,84,425/- ₹. 50,000/-
			सपत्ति क्रमाक 3:- सात्विक धधक भूमि - श्रीमति प्रेमलता साहू पति उत्तम साहू के नाम से आवासीय खुली भूमि , ब.न 177, प ह.न 22, सर्कल छिन्दवाड़ा -I, समस नंबर 2521/2, क्षेत्रफल 2420 वर्गफीट , वार्ड नंबर 6, नेताजी सुभाष चंद्र वार्ड, सिवनी प्राणभोलीरोड, छिन्दवाड़ा, तहसील एवं जिला छिंदवाड़ा, (म.प्र.). सपत्ति का स्वामी :- श्रीमति लीला बाई साहू पति कस्तूर चंद साहू (सपत्ति धधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :-उत्तर - सिवनी प्राणभोलीरोड, दक्षिण - श्री निर्मलचंद को विक्रय की गई भूमि, पूर्व - विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम - डॉ भोजक का मकान सांकेतिक कब्जा	₹. 20,00,000/- ₹. 2,00,000/- ₹. 20,000/-
			सपत्ति क्रमाक 4 - सात्विक धधक भूमि - श्री उत्तम साहू पिता श्री दुर्वेलाल साहू के नाम से संपत्ति परिवर्तित खुली भूमि, ब.न. 516, प.ह.न. 23, आर.एच.एम.- छिन्दवाडा -I , समस क्रमाक 318/3, क्षेत्रफल 0.291 हेक्टेयर, ग्राम – लहरागुंभा , तहसील एव जिला छिंदवाडा, (म.प्र.). सपत्ति का स्वामी :- श्री उत्तम साहू पिता श्री दुर्वेलाल साहू (सपत्ति बधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :-उत्तर - शासकीय भूमि और कच्चा रास्ता, दक्षिण - श्रीमति भगवती बाई, संतोष एव रज्जू की भूमि, पूर्व - शासकीय भूमि एव श्रीमती भगवती बाई की भूमि के मध्य की भूमि, पश्चिम :- विक्रेता की शेष भूमि	₹. 25,00,000/- ₹. 2,50,000/- ₹. 20,000/-
			सपत्ति क्रमाक 5.- सात्विक धधक भूमि - श्रीमति लीला बाई साहू पति कस्तूरचंद साहू के नाम से आवासीय खुली भूमि , ब.न 177, प ह.न 22, सर्कल छिन्दवाड़ा -I, समस नंबर 2521/2, क्षेत्रफल 2420 वर्गफीट , वार्ड नंबर 6, नेताजी सुभाष चंद्र वार्ड, सिवनी प्राणभोलीरोड, छिन्दवाडा, तहसील एवं जिला छिंदवाडा, (म.प्र.). सपत्ति का स्वामी :- श्रीमति लीला बाई साहू पति कस्तूर चंद साहू (सपत्ति बधककर्ता) जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :-उत्तर - सिवनी प्राणभोलीरोड, दक्षिण - श्री निर्मलचंद को विक्रय की गई भूमि, पूर्व - विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम - डॉ भोजक का मकान सांकेतिक कब्जा	₹. 68,50,000/- ₹. 6,85,000/- ₹. 50,000/-
6	1. मेसर्स. भारत साउंड एन्ड इकोरेशन प्रोप. श्री ओमप्रकाश बालपाडे पिता श्री. कोठीरामजी बालपाडे (प्राधाकर्ता/संपत्ति बंधककर्ता) पता: वार्ड क्र. 12, सिविल लाईन, शिव मंदिर के पास, सौसर, तेहसील – सौसर, जिला – पांढुरना, म.प्र 480106 तेहसील - सौसर, मोहगांव मस्त स्टड के पास, मोहगांव, 2. श्री. ओमप्रकाश बालपाडे पिता श्री कोठीरामजी बालपाडे (प्राधाकर्ता/संपत्ति बंधककर्ता) श्रीमती श्यामली बालपाडे पति ओमप्रकाश बालपाडे (गारन्टीदाता/संपत्ति बंधककर्ता) पता: वार्ड क्र. 12, सिविल लाईन, शिव मंदिर के पास, सौसर, तेहसील – सौसर, जिला – पांढुरना, म. प्र 480106 स्थचित शाखा:-छिंदवाडा अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - शा. प्र. 8226003375	19/01/2026 19/05/2026 रु. 64,54,347.46 + भविष्य ब्याज + विधिक व्यय	सपत्ति क्रमाक 1:- सात्विक बधन भूमि एव भवन मौजा – सौसर, वार्ड न. 12, देवी वार्ड, प.ह.न. 18, ब.न 411, रा. नि. म. सौसर, तह. सौसर व जिला छिंदवाडा समस्त क्र. 968/1/3, कुल रकबा - 0.051 हेक्टर (5568 वर्गफिट) भू. स्वामी / बधककर्ता. श्री. ओमप्रकाश बालपाडे पिता श्री. कोठीरामजी बालपाडे जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :-उत्तर - बेचाला की भूमि, पूर्व 15 फिट का रास्ता, दक्षिण - 20 फिट का रास्ता, पश्चिम - 15 फिट का रास्ता 2.मौजा – मोहगाव , वार्ड क्र 4 , प.ह.न. 29 , ब.न. 327 , तह सौसर व जिला छिंदवाडा समस्त क्र. 174 कुल रकबा - 0.425 हेक्टर. जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है :-उत्तर - तौसर मोरडोगरी सडक, पूर्व - वासुदेव गुलसिराम की भूमी, दक्षिण - सावित्री और भगुल की भूमी, पश्चिम - प्रभाती भूमी भू. स्वामी / बधककर्ता श्रीमति रुपाली बालपाडे पति श्री. ओमप्रकाश बालपाडे श्री ओमप्रकाश बालपाडे पिता श्री कोठीरामजी बालपाडे सांकेतिक कब्जा	₹. 55,11,500/- ₹. 5,51,150/- ₹. 50,000/- ₹. 2,94,73,250/- ₹. 29,47,325/- ₹. 2,00,000/-

विक्रय के विवरण और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिई गए प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात www.centralbank.bank.in देखें या बैंक अनुशंधित सेवा प्रदाता PSB alliance के वेबसाईट http://bankauctions.com पर उपलब्ध लिंक देखें। दिनांक : छ.ई.य कार्यालय छिंदवाडा प्राधिकृत प्राधिकारी (मो. 9109954645) से सम्पर्क कर सकते है। ये कार्यालय/प्रत्याभूति-दाता/ऋणदाता को अग्रिम 6 (छ) दिन के अधीन एवं तीस (30) दिन की वैधानिक विक्रय सूचना है।

कृते सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्राधिकृत अधिकारी

वांगचुक से मिले तन्खा, कहा- युवाओं की आवाज बने सोनम

नई दिल्ली। नीट परीक्षा में अनियमितता को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को इस्तीफे की माग कर रहे सोनम वाग्चुक का जंतर-मंतर पर अनशन जारी है। शुक्रवार को राज्य सभा सासद विवेक कृष्ण तन्खा ने उनसे मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। दोनों के बीच लम्बी बातचीत हुई। वागचुक ने कहा कि इंडिया के एजुकेशन सिस्टम को खत्म किया जा रहा है। परीक्षाओं में गड़बड़ी हो रही है। इसे रिफार्म किया जाना चाहिए। इसके प्रति जवाबदेही तय की जानी चाहिए। वहीं सांसद श्री तन्खा ने कहा कि वागचुक युवाओं की आवाज बन चुके हैं। उनकी आवाज देश के युवाओं की आवाज है। सरकार को बातचीत के जरिए इस समस्या का हल निकालना चाहिए। श्री तन्खा ने वागचुक की पत्नी व परिजनों से भी बातचीत की। उनके साथ एड. विपुल तिवारी भी मौजूद रहे।

ब्रिटेन • कहा-दक्षिणपंथ का मुकाबला करूंगा

बनहैम लेबर पार्टी के नए नेता, 20 को लेंगे पीएम पद की शपथ

भास्कर न्यूज़ | लंदन

ब्रिटेन की सत्तारूढ़ लेबर पार्टी ने शुक्रवार को ग्रेटर मैनचेस्टर के पूर्व मेयर एंडी बनहैम को पार्टी का नया नेता चुने जाने की घोषणा की। बनहैम को पार्टी के 379 सांसदों का समर्थन मिला। बनहैम प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के बाद देश के 59वें प्रधानमंत्री बनेंगे। स्टारमर ने पिछले महीने पद छोड़ने का फैसला किया था और 20 जुलाई को पद छोड़ेंगे। उसी दिन बनहैम को किंग चार्ल्स प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाएंगे। बनहैम ने भाषण में लेबर पार्टी में एकता, राजनीति की भाषा बदलने, पूरे ब्रिटेन के सभी क्षेत्रों का समान प्रतिनिधित्व वादा किया। उन्होंने कहा कि वे दक्षिणपंथी दलों और उनकी विभाजनकारी राजनीति का वैचारिक व राजनीतिक मुकाबला करेंगे।

देहादून में 'छात्रों की गूंज' पेपर लीक में पूरा शिक्षा तंत्र शामिल: राहुल गांधी

भास्कर न्यूज़ | देहादून

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पेपर लीक के लिए ऊपर से नीचे तक पूरा शिक्षा तंत्र जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि अब तक 7.5 करोड़ छात्र इससे प्रभावित हो चुके हैं, लेकिन दोषियों को सजा नहीं मिली। 'छात्रों की गूंज' रैली में राहुल ने कहा कि शिक्षा संस्थानों और एनटीए जैसे निकायों पर किसी राजनीतिक संगठन का नियंत्रण नहीं होना चाहिए।



विदेश मंत्रालय की सफाई बुलेट ट्रेन पर पूर्व जापानी मंत्री के आरोप खारिज

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारत ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में देरी पर जापान के पूर्व मंत्री हिदेकी माकिहारा के आरोपों को खारिज किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'यह एक व्यक्ति की निजी राय है, जो तथ्यों से काफी अलग है।' जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता और पूर्व न्याय मंत्री माकिहारा ने प्रवक्ता की टिप्पणी पर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा कि ये टिप्पणियां 100% जिम्मेदार बताया है। उनका आरोप है कि भारतीय पक्ष बैठकों में किए गए वादे पूरे नहीं करता।

सैटरडे क्लिक

22% ज्यादा बारिश से दूधसागर फिर उफान पर, सामने से गुजरती ट्रेन में बैठे हों तो भीग जाते हैं...

भरत कृष्णमूर्ति, फोटो जर्नलिस्ट

भास्कर न्यूज़ | पणजी

बीचों के लिए मशहूर गोवा पर मानसून मेहरबान है। दक्षिण गोवा में 22% अधिक बारिश हुई है। इसके चलते गोवा-कर्नाटक सीमा पर भगवान महावीर अभयारण्य स्थित विश्वविख्यात दूधसागर जलप्रपात पूरी रफ्तार से बहने लगा है। इतनी ऊंचाई से गिरने के कारण झरने का पानी दूध की तरह सफेद दिखता है। इसीलिए इसे दूधसागर जलप्रपात कहते हैं। इन दिनों झरने से गिरती पानी की बूंदें ऐसा नजारा बना रही हैं, मानो बादल नीचे उतर आए हों। तेज बहाव के दौरान पानी की फुहारें इतनी दूर तक पहुचती हैं कि यहां से गुजरने वाली ट्रेन के यात्री भी भीग जाते हैं। बारिश में जलप्रवाह कई गुना बढ़ जाता है। सबसे भव्य रूप इसी मौसम में दिखाई देता है।

बिना फाटक वाले क्रॉसिंग पर वैन की ट्रेन से टक्कर, 2 छात्रों समेत 5 की मौत

कोलकाता | पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शुक्रवार सुबह बिना फाटक वाले रेलवे क्रॉसिंग पर पैसेंजर ट्रेन से स्कूल वैन की टक्कर हो गई। इसमें दो छात्रों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। हादसा अजीमगंज-कटवा रेलखंड पर हुआ। हादसे में एक साइकिल सवार भी ट्रेन की चपेट में आया। हादसे के बाद गेटमैन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पेज-1 के शेष

पूर्वाग्रह हटा कर देखिए...

हमें कहां जाने पाए वहां के लोगों या उनके खाने या नृत्य या संगीत या फिल्मों के बारे में? हमने तो जनरल नॉलेज क्विज में भी इन्हें बमुश्किल जगह दी! या फिर क्या कारण है कि भारत के गांव- जिन में से एक में मैं अपना आधा समय बिताता हूं- फिल्मों या कॉमेडी शो या सोशल मीडिया में मजाक का पात्र भर बनकर रह गए? क्या कारण है कि दक्षिण भारत की अद्भुत दुनिया हम उत्तर भारतीयों के लिए अपरिचित ही रही? क्यों हमने दक्षिण भारत के लोगों को सिर्फ विलेन या बेहूदा कैरिकेचर के रूप में ही देखा हिंदी फिल्मों में? या एक समय हर जाह सुनाए जाने वाले बेहूदा 'सरदारजी जोक्स' याद हैं आपको? ये इसलिए हुआ क्यूंकि उत्तर भारत में घनत्व लिए लेखकों, पत्रकारों, क्रिएटिव लोगों ने अपना काम ही नहीं किया। हमने अपनी कहानियों, फिल्मों, गीतों, समाचारों, किताबों, बातों में, नॉर्थ ईस्ट या गांवों या देश के अलग-अलग हिस्सों को शामिल ही नहीं किया। गांव के व्यक्ति को हमारे लिए 'गंवार' के रूप में ही परिभाषित किया गया। नॉर्थ ईस्ट के लोगों को सिर्फ ड्रग्स या अपराध लिप्त दिखाया गया। दक्षिण भारत के लोग- जो अद्भुत सोच और परंपराओं के धनी हैं- 'मद्रासी' कहकर ही फिल्मों में परोसे गए। 'पड़ोसन' फिल्म में महमूद का पात्र याद है? ऐसे हजारों पात्र हैं। वो लोग जो हमसे 'अलग' हैं, इसलिए उनकी हंसी उड़ाई जा सकती है, उनका अपमान किया जा सकता है? जब हम लेखकों, पत्रकारों, फिल्मकारों, क्रिएटिव लोगों ने अपना काम नहीं किया- तो हमारे मन में सिर्फ पूर्वाग्रह बनते रहे। हमारी स्कूल की किताबों में दक्षिण भारत या नॉर्थ ईस्ट भारत का जिक्र बस कुछ पन्नों में निबटा दिया गया। भारत के गाव, उनका सशक्त योगदान, गाव के लिए ज्ञान, ये हमारी पढ़ाई का हिस्सा ही नहीं रहे। और हमें क्यों नहीं मौका मिला बचपन में कि हिंदी के अलावा तमिल या कन्नड़ या असमिया सीख सके? और फिर यही पूर्वाग्रह हम सोशल मीडिया पर ले आए और उन्हें करोड़ों गुना बड़ा कर दिया। हम अपनी गलत